CREDA
CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY
(Deptt. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)
CREDA, 2nd Floor, CSERC Building, Shanti Nagar, RAIPUR (C.G.)
Phone : 0771-4019227, 4019228 Fax : 0771 - 4268369
E-mail : credacg@credacg.org Website : www.credacg.com

क्र.   /क्रेडा/स्ट्रीटलाईट/आरएसबी/2011   रायपुर,दिनांक 10.05.11

प्रति,

आयुक्त
नगर पालिक निगम
जगदलपुर (छ.ग.)

विषयः-जगदलपुर शहर की स्ट्रीट लाईट्स में ESCO आधार पर ऊर्जा संरक्षण बाबत्

जैसा कि आपको विदित है, रायपुर शहर में क्रेडा द्वारा लगभग 700HPSV स्ट्रीट लाईट ल्यूमिनरीज को T-5(24Wx4) ल्यूमिनरीज से बदलकर तथा लगभग 6.00लाख यूनिट बिजली की बचत प्रतिवर्ष की जाकर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है ।कृपया संलग्न विवरण का अवलोकन करेंगे ।नगर निगम क्षेत्र जगदलपुर में कुल 271 नग 150वाट HPSV तथा 40नग 250वाट-MH स्ट्रीट लाईट ल्यूमिनरीज वर्तमान में स्थापित हैं ।इन स्ट्रीट लाईट्स ल्यूमिनरीज को क्रेडा द्वारा ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ESCO आधार पर ऊर्जा दक्ष एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट्स से बदलने का प्रस्ताव है। समस्त 150वाट HPSV एवं 250वाट MH स्ट्रीट लाईट ल्यूमिनरीज को क्रमशः 60वाट एवं 80 वाट ऊर्जा दक्ष एल.ई.डी.स्ट्रीट लाईट ल्यूमिनरीज से बदलने पर प्रतिवर्ष लगभग 2.00लाख यूनिट बिजली जिसका मूल्य लगभग ₹8.00लाख है, की बचत होने की संभावना है ।एल.ई.डी. लाईट ल्यूमिनरीज की औसत आयु लगभग 10वर्ष होती है तथा इसके उपयोग से वर्तमान में उपलब्ध प्रकाश के बराबर अथवा अधिक तीव्रता का प्रकाश उपलब्ध होगा साथ ही आर्थिक बचत व पर्यावरण संरक्षण भी संभव होगा ।

उक्त परियोजना के क्रियान्वयन में होने वाला व्यय जो कि लगभग ₹50.00 लाख संभावित है, क्रेडा द्वारा किया जायेगा किंतु नगर निगम, जगदलपुर को होने वाली विद्युत बचत का 50प्रतिशत भाग लगभग ₹4.00लाख प्रतिवर्ष क्रेडा को आगामी 10वर्षो तक उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध है, तभी ESCO की अवधारणा का क्रियान्वयन संभव होगा। क्रेडा द्वारा नगर निगम की सहायता से केवल एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट ल्यूमिनरीज की स्थापना की जायेगी व 10वर्षो तक ल्यूमिनरीज के खराब होने पर इन्हें नगर निगम के अमले की सहायता से बदला जायेगा तथा 10वर्षो की समाप्ति पर सभी ल्यूमिनरीज को कार्यशील अवस्था में नगर निगम को सौंपा जायेगा। केवल फाल्ट व अन्य मेन्टेनेन्स की जिम्मेदारी नगर निगम की ही होगी ।

कृपया उपरोक्तानुसार प्रस्ताव पर आपकी सहमति से इस कार्यालय को अभिलंब अवगत कराने का कष्ट करेंगे ।

(एस.के.शुक्ला)
निदेशक क्रेडा

क्र. 2160 /क्रेडा/स्ट्रीटलाईट/आरएसबी/2011   रायपुर,दिनांक 10.05.11

प्रतिलिपिः-1.सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छ.ग.शासन, मंत्रालय, रायपुर ।
2.आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, आर.डी.ए.बिल्डिंग,जी.ई.रोड रायपुर ।
3.कार्यपालन अभियंता, क्रेडा, क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर को सूचनार्थ ।

निदेशक

आवक क्रमांक 149
दिनांक 16-05-11

जगदलपुर शहर में स्थापित स्ट्रीट लाईट्स का विवरण

क्र	मार्ग स्थल का नाम	स्ट्रीट लाईटस ल्यूमिनरीज	ल्यूमिनरीज का प्रकार				रिमार्क
			HPSV-150Watt.	MH-250Watt.	T-5-80Watt.	CFL-65Watt.	
1	एयर पोर्ट से बोधघाट थाना	18	3	0	15	0	
2	बोधघाट थाना से नया बस स्टैण्ड	14	9	2	3	0	
3	नया बस स्टैण्ड न्यायलय	15	11	2	2	0	
4	बोधघाट थाना से कमिश्नर कार्यालय	21	12	2	7	0	
5	न्ययालय से कृष्णा पेट्रोलपंप	8	8	0	0	0	
6	कृष्णा पेट्रोलपंप वन विद्यालय	18	11	3	1	3	
7	कृष्णा पेट्रोलपंप अगसेन चौक	9	6	2	0	1	
8	अनुपमा चौक से गुरूनानक द्वार	11	3	2	2	4	
9	मिताली चौक सं गोल बाजार	19	16	3	0	0	
10	पुराना बस स्टैण्ड से चांदनी चौक	12	9	2	0	1	
11	चांदनी चौक से शहीद पार्क	12	11	1	0	0	
12	पुराना बस स्टैण्ड कमिश्नर निवास	9	5	4	0	0	
13	कमिश्नर निवास सनसिट	15	5	5	0	5	
14	कमिश्नर निवास लालबाग चौक	46	40	4	0	2	
15	कमिश्नर निवास सर्किट हाउस	17	15	2	0	0	
16	सर्किट हाउस से दामोदर पेट्रोलपंप	15	15	0	0	0	
17	दन्तेश्वरी मंदिर से पावर हाउस चौक	5	4	1	0	0	
18	दामोदर पेट्रोलपंप से दन्तेश्वरी मंदिर	7	6	1	0	0	
19	दामोदर पेट्रोलपंप से दलपत सागर	8	8	0	0	0	
20	दलपत सागर से आकंक्षा होटल	13	9	2	0	2	
21	आकंक्षा होटल से अनुपमा टाकिल	6	6	0	0	0	
22	अनुपमा चौक से कृष्णा पेट्रोलपपं	10	9	1	0	0	
23	अनुपमा चौक से चित्रकोट रोड	48	42	0	6	0	
24	दन्तेश्वरी मंदिर से गोल बाजार	10	8	1	1	0	
	योग	366	271	40	37	18	